**भारत सरकार**

**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**

**औषध विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1473**

**दिनांक 10 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**कम लागत वाली जेनेरिक दवाओं की बिक्री**

**1473. श्री नारणभाई काछड़िया:**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कम लागत वाली जेनेरिक दवाओं की बिक्री को बढ़ावा देने और देश भर में लोगों तक सीधे इसका लाभ पहुंचाने के लिए कोई उपाय किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)**

(क) और (ख) कम लागत वाली जेनेरिक दवाइयों की बिक्री के संवर्धन और देश भर में लोगों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने '*प्रधानमंत्री भारतीय* जनऔषधि *परियोजना (पीएमबीजेपी)*' शुरू की है। दिनांक 31.02.2023 तक, *पूरे देश में* लगभग 9,082 *प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके*) खोले गए हैं। वर्तमान में, पीएमबीजेपी की उत्पाद टोकरी में 1,759 दवाइयां और 280 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। पहुंच का विस्तार करने के लिए, योजना की कार्यान्वयन एजेंसी अर्थात, भारतीय औषध एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) ने हाल ही में देश के 651 जिलों, जहां केंद्रों की संख्या कम है, से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

****